डिजिटल स्वास्थ्य पर दिल्ली घोषणा-पत्र अपनाया गया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एक उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं ने 'सतत् विकास के लिये डिजिटल स्वास्थ्य पर दिल्ली घोषणा-पत्र' (Delhi Declaration on Digital Health for Sustainable Development) को अपनाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- इसे चौथे ग्लोबल डिजिटल हेल्थ पार्टनरशिप समिट के समापन सत्र में अपनाया गया।
- यह घोषणा-पत्र डिजिटल स्वास्थ्य में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का नेतृत्व और इसके सदस्य देशों की सहायता के लिये डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्रीय समन्वय हेतु एक विशिष्ट तंत्र स्थापित करने का आह्वान करता है।
- सतत् विकास के लिये डिजिटल हेल्थ के अनुप्रयोग का एक उदाहरण टेलीमेडिसिन, रिमोट केयर और मोबाइल हेल्थ है जो अस्पतालों और क्लीनिकों के बजाय लोगों को उनके घरों में स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और ग्लोबल डिजिटल हेल्थ पार्टनर (GDHP) के सहयोग से डिजिटल हेल्थ पर वैश्विक अंतर-सरकारी बैठक का आयोजन किया जिसमें दिल्ली घोषणा-पत्र को अंगीकार करने की घोषणा की गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है जो अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित है।
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है तथा WHO 7 अप्रैल, 1948 अस्तित्व में आया था। इस तिथि को प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य सभा (World Health Assembly) WHO में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। असेंबली की सालाना बैठक होती है तथा इसमें 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं।

स्रोत : पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-leaders-adopt-delhi-declaration-on-digital-health